राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा पुरुस्कृत हुई -

दिनांक 12- 8-2023 को डॉ० शांति स्वरूप भटनागर की जयंती के उपलक्ष्य में विज्ञानभारती हरियाणा और राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय की विज्ञान संकाय की छात्रा सुदेशना कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता एवम् महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता की सदप्रेरणा से महाविद्यालय के अनेकानेक विद्यार्थियों को महाविद्यालय के अतिरिक्त बाहर भी अन्य प्रतियोगिता में भागीदारिता के अनेकानेक अवसर प्रदान किए जाते हैं। इस उपलब्धि पर उन्होंने कुमारी सुदेशना को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विंग-1 के प्रभारी डॉ० संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में कुमारी सुदेशना ने प्रतियोगिता में यह स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय को ऐसे विद्यार्थियों पर नाज है।